# 5. शब्द भंडार

## समानार्थी और विलोम शब्द

किसी शब्द का एक समान अर्थ प्रकट करने वाले शब्द समानार्थी कहलाते हैं तथा जो शब्द एक-दूसरे शब्द का विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं, वे विलोम शब्द होते हैं।

### शिक्षण-संकेत

- ❖ पाठ पृष्ठ 32-34 पर दिए समानार्थी एवं विलोम शब्दों को पढ़वाएँ।
- ❖ छात्र कक्षा 1 से समानार्थी-विलोम शब्दों को पढ़ते आ रहे हैं। उनसे कुछ शब्दों के समानार्थी तथा विलोम शब्द पूछें।
- ❖ छात्रों से अपने आस-पास की वस्तुओं के समानार्थी और विलोम शब्द पूछकर उन्हें आसानी से समझाया जा सकता है।
- ❖ प्रत्येक छात्र को बोलने का समान अवसर दें।
- ❖ सभी छात्रों पर ध्यान दें।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।